कमल संदेश
वर्ष 1, अंक 25 नई दिल्ली
20 मई 2020 (सायं 5 बजे)
दैनिक बुलेटिन
www.kamalsandesh.org

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत की '1 करोड़वीं' लाभार्थी के साथ बातचीत की

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 20 मई को इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि 'आयुष्मान भारत' के तहत लाभार्थियों की संख्या एक करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है।

- श्री मोदी ने कहा, "आयुष्मान भारत से जुड़े डॉक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य सभी लोगों के प्रयासों ने इसे दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कार्यक्रम बना दिया है। इस पहल ने अनगिनत भारतीयों, विशेषकर गरीबों और बुनियादी सुविधाओं से वंचित लोगों का विश्वास जीता है।"
- श्री मोदी ने अपने ट्वीट में कहा है, "लाभार्थी न केवल जहां वे पंजीकृत हैं, बल्कि भारत के अन्य हिस्सों में भी बेहतरीन और किफायती चिकित्सा सेवा प्राप्त कर सकते हैं। इससे उन लोगों को काफी सहूलियत होती है जो अपने घर से दूर कहीं और काम करते हैं या ऐसी जगह पर पंजीकृत हैं जहां के निवासी वे नहीं हैं।"
- उन्होंने मेघालय की पूजा थापा के साथ टेलीफोन पर बातचीत की जो आयुष्मान भारत की 1 करोड़वीं लाभार्थी हैं।

'अम्फान' से जुड़े राहत अभियानों में शामिल हों भाजपा कार्यकर्ता: जगत प्रकाश नड्डा

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 19 मई को पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी ताकत के साथ अम्फान से जनता को सुरक्षित बचाने की तैयारी करें ताकि जान-माल का कोई नुकसान न हो।

- उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'अम्फान' के संबंध में गृह मंत्रालय और नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के साथ सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की है और आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा सहित तूफ़ान से प्रभावित राज्यों में किस तरह सहायता पहुंचाई जा सकती है, लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा सकता है, इस पर भी अधिकारियों से विस्तृत रूप से चर्चा की।
- श्री नड्डा ने ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राज्य सरकारों, स्थानीय प्रशासन और डिजास्टर मैनेजमेंट टीम के साथ समुचित सहयोग करते हुए पूरी ताकत के साथ राहत कार्यों में अभी से लग जाएं।

प्रवासियों के लिए खाद्यान्नों के आवंटन हेतु 'आत्मनिर्भर भारत' पैकेज को स्वीकृति

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने करीब 8 करोड़ प्रवासियों/फंसे हुए प्रवासियों के लिए केन्द्रीय भंडार से दो माह (मई और जून, 2020) तक प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम निःशुल्क खाद्यान के आवंटन को पूर्वव्यापी स्वीकृति दे दी है।

- इससे करीब 2,982.27 करोड़ रुपये की खाद्य सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा अंतरराज्य परिवहन और लदाई-उतराई प्रभार और डीलरों की अतिरिक्त राशि/अतिरिक्त डीलर लाभ के लिए दिए जाने वाले करीब 127.25 करोड़ रुपये का वहन पूरी तरह से केन्द्र सरकार के द्वारा किया जाएगा। इसके फलस्वरूप, भारत सरकार से मिलने वाली कुल अनुमान खाद्य सब्सिडी करीब 3,109.52 करोड़ होगी।
- यह आवंटन से कोविड-19 के कारण हुए आर्थिक व्यवधान से प्रवासियों/फंसे हुए प्रवासियों के द्वारा सामना की जा रही कठिनाइयों को कम किया जा सकेगा।

19 दिन में 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों के जरिये कुल 23.5 लाख से अधिक प्रवासियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचाया

भारतीय रेलवे प्रवासियों को और अधिक राहत देने के लिए श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के अलावा जून, 2020 से समय सारणी के साथ 200 नई ट्रेनें शुरू करने जा रही है।

- बुकिंग केवल ऑनलाइन होगी और कुछ दिनों में शुरू होगी। ट्रेनें बिना एसी के होंगी। किसी भी रेलवे स्टेशन पर कोई टिकट नहीं बेचा जाएगा और संभावित यात्री को टिकट खरीदने के लिए रेलवे स्टेशन पर नहीं आना होगा।
- रेलवे ने राज्य सरकारों को इन प्रवासियों की पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए कहा है जो अपने गृह राज्यों में जाने के लिए सड़कों पर चल रहे हैं। इन प्रवासियों को नजदीकी जिला मुख्यालय में उनका पंजीकरण करने के बाद निकटतम मुख्य लाइन रेलवे स्टेशन तक पहुंचाने को कहा गया है। साथ ही इन यात्रियों की सूची रेलवे अधिकारियों को देने के लिए कहा गया है ताकि उनकी आगे की यात्रा की श्रमिक स्पेशल से व्यवस्था की जा सके।
- भारतीय रेलवे 19 दिन में 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों के जरिये कुल 23.5 लाख से अधिक प्रवासियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचा चुकी है।

कैबिनेट ने 'प्रधानमंत्री वय वंदना योजना' के विस्तार को स्वीकृति दी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और वृद्धावस्था आय सुरक्षा को समर्थ बनाने के लिए निम्नलिखित को अपनी स्वीकृति दे दी है:

- 31 मार्च 2020 से अगले तीन वर्षों अर्थात् 31 मार्च 2023 तक प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (पीएमवीवीवाई) का विस्तार।
- प्रारंभ में 2020-21 के लिए प्रतिवर्ष 7.40 प्रतिशत की सुनिश्चित प्रतिफल दर और इसके पश्चात प्रत्येक वर्ष पुन: समायोजित की जाएगी।
- वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) की संशोधित प्रतिफल दर के अनुरूप वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल से प्रभावी वार्षिक समायोजित सुनिश्चित ब्याज की दर किसी भी बिंदु पर योजना के नवीन मूल्यांकन के साथ 7.75 प्रतिशत तक होगी।
- नई जारी पालिसियों के संबंध में योजना के प्रथम वर्ष के कोषों के वित्तीय प्रबंधन व्ययों को प्रतिवर्ष 0.5 प्रतिशत और इसके बाद दूसरे वर्ष से अगले 9 वर्षों के लिए प्रतिवर्ष 0.3 प्रतिशत तक सीमित करना।
- इस योजना के अंतर्गत, प्रति वर्ष 12,000 रुपये की पेंशन के लिए 1,56,658 रुपये और प्रति माह 1000 रूपए की न्यूनतम पेंशन धनराशि प्राप्त करने के लिए 1,62,162 रुपये तक के न्यूनतम निवेश तक संशोधित किया गया है।

उत्तर रेलवे के कारखानों ने तैयार किए 44 हज़ार पीपीई किट

कोरोना के संक्रमण से स्वास्थ्यकर्मियों को सुरक्षित रखने के लिए उत्तर रेलवे ने एक दिन में रिकॉर्ड 3 हज़ार पीपीई किट बनाया। 12 दिन पहले ही लक्ष्य की प्राप्ति कर रेलवे ने अब तक कुल 44 हज़ार पीपीई किट बनायी।

- उत्तर रेलवे के सभी कारखाने दिन-रात कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ने के लिए प्रयत्नशील हैं। इस महामारी से लड़ने के लिए उत्तर रेलवे के कारखाने अग्रिम तौर पर आगे आकर पीपीई किट का उत्पादन कर महामारी से लड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।
- उत्तर रेलवे के कारखानों द्वारा अब तक कुल 44 हज़ार पीपीई किट बनाई गयी हैं तथा उत्तर रेलवे द्वारा 30 हज़ार किट बनाने का लक्ष्य 12 दिन पहले ही प्राप्त कर लिया गया है। इसके अलावा उत्तर रेल के कारखानों ने एक दिन में रिकॉर्ड 3 हज़ार पीपीई किट बनाकर मई के अंत तक 50 हजार पीपीई किट बनाने के लक्ष्य हासिल करने के लिए कदम बढ़ा दिए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन बनेंगे डब्ल्यूएचओ कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के 34 सदस्यीय एग्जीक्यूटिव बोर्ड के अगले अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। दुनियाभर में कोरोना वायरस महामारी के बीच भारत के स्वास्थ्य मंत्री को यह जिम्मेदारी मिलना काफी महत्व रखता है।

विदित हो कि डॉ. हर्षवर्धन जापान के डॉ. हिरोकी नकाटानी की जगह लेंगे, जो वर्तमान में 34-सदस्यीय डब्ल्यूएचओ कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष हैं। अधिकारियों ने कहा कि डॉ. हर्षवर्धन का चयन 22 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन की कार्यकारी बोर्ड की बैठक में किया जाएगा। क्षेत्रीय समूहों के बीच अध्यक्ष का पद एक वर्ष के लिए रोटेशन द्वारा आयोजित किया जाता है। डब्ल्यूएचओ की बैठक में भारत की तरफ से नामित किए गए डॉ. हर्षवर्धन को नियुक्त करने का प्रस्ताव 19 मई को 194 देशों ने पारित किया।

twitter

@narendramodi

आयुष्मान भारत का सबसे बड़ा लाभ पोर्टेबिलिटी है। लाभार्थी न केवल जहां वे पंजीकृत हैं, बल्कि भारत के अन्य हिस्सों में भी अच्छी और सस्ती चिकित्सा सेवा प्राप्त कर सकते हैं। यह उन लोगों की मदद करता है जो घर से दूर काम करते हैं या ऐसी जगह पर पंजीकृत हैं जहां वे अब नहीं रहते।

@jpnadda

सभी के लिए स्वास्थ्य सुनिश्चित करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का प्रमुख कार्यक्रम 'आयुष्मान भारत' ने 2 वर्षों से भी कम समय में 1 करोड़ लाभार्थियों को पार कर लिया है। 'स्वस्थ भारत' की दिशा में एक विशाल कदम बढ़ाने की इस सफलता के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व का आभारी हूं। @आयुष्मानएनएचए को बधाई।

@amitshah

मोदी जी की 'आयुष्मान भारत' देश के गरीब व वंचित वर्ग के जीवन में एक नई आशा व विश्वास लायी कि अब वे भी सबसे अच्छा इलाज मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं। इसकी सफलता में प्रमुख सहभागी देश के डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों व इससे जुड़े सभी लोगों को उनके परिश्रम के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

आर्थिक योगदान हेतु अपील

खाता का नाम :
PM CARES
खाता संख्या :
2121PM20202
IFSC कोड :
SBIN0000691
Swift कोड :
SBININBB104
बैंक शाखा :
भारतीय स्टेट बैंक
नई दिल्ली मुख्य शाखा

Donate Now

Aarogya Setu
मैं सुरक्षित | हम सुरक्षित | भारत सुरक्षित

Download

COVID-19 INDIA

as on : 20 May 2020, 17:00 GMT+5:30

61149	42297	3303	1
Active Cases	Cured / Discharged	Deaths	Migrated

संपादकीय

आयुष्मान भारत योजना से अब एक करोड़ लोग लाभान्वित हो चुके हैं जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 23 सितम्बर 2018 में शुरू की गई विश्व की सबसे बड़ी इस स्वास्थ्य योजना में पूरे देश से 10.74 करोड़ परिवार शामिल हैं। इसके अंतर्गत 50 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की गयी है। इससे समाज के कमजोर वर्गों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा मिली है। विश्व भर में आयुष्मान भारत की व्यापकता एवं उत्कृष्टता दोनों के लिए प्रशंसा हुई है। इतने कम समय में एक करोड़ लोगों को लाभान्वित करना अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

मोदी सरकार समाज के सबसे कमजोर वर्गों के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए सदैव कृतसंकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब परिवार के लिए रोजगार, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के साथ-साथ निःशुल्क गैस कनेक्शन, पक्का मकान, शौचालय, बिजली आदि सुनिश्चित किया है। कोरोना महामारी में मोदी सरकार ने प्रवासी मजदूरों सहित हर गरीब व्यक्ति के लिए दाल एवं चना के साथ पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया है। इनमें वे भी लोग शामिल हैं जिनके पास या तो राशन कार्ड नहीं है या फिर वे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा क़ानून के अंतर्गत नहीं आते। वैसे प्रवासी मजदूर जो अपने गांव आये हैं उन्हें रोजगार देने के लिए मनरेगा के अंतर्गत 40,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया गया है। अब तक 23.5 लाख से अधिक प्रवासी मजदूरों को 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों के माध्यम से उनके गृह राज्यों में वापस पहुंचाया गया है और हर दिन ट्रेनों की संख्या में वृद्धि की जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरा देश इस महामारी के दौर में समाज के कमजोर वर्गों के साथ खड़ा है। आइये, हम सब भी आगे बढ़कर अपना योगदान दें।

- shivshaktibakshi@kamalsandesh.org

कमल संदेश

संपादक: प्रभात झा, **कार्यकारी संपादक:** डॉ. शिव शक्ति बक्सी

सह संपादक: संजीव कुमार सिन्हा, राम नयन सिंह

कला संपादक: विकास सैनी, भोला राय

डिजिटल मीडिया: राजीव कुमार, विपुल शर्मा

सदस्यता एवं वितरण: सतीश कुमार

दूरभाष : 011-23381428 ई-मेल : mail.kamalsandesh@gmail.com